पत्र सूचना शाखा,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

राज्यपाल ने किया हस्तशिल्प उत्पाद एवं स्वयं सहायता समूह उत्पाद प्रदर्शनी का उद्घाटन

सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिये युवा आगे आयें

आयुष्मान भारत योजना के तहत सभी के आयुष्मान कार्ड बनाये जायें

नये कृषि कानून कृषकों के लिये लाभकारी – आनंदीबेन पटेल

लखनऊः 13 जनवरी, 2021

समूह में कार्य करना मानव स्वभाव का हिस्सा है। क्योंकि समाज में रहकर मनुष्य एक दूसरे के सहयोग के बिना कार्य नहीं कर सकता है। ये विचार उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने जनपद अलीगढ़ के सर्किट हाउस में स्वयं सहायता समूहों तथा हस्तशिल्प उत्पाद प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि अलीगढ़ के ताले विश्व प्रसिद्ध हैं। प्रदर्शनी के अवलोकन के समय तालों की विभिन्न सुन्दर डिजाइनों को देखकर उन्होंने इसकी प्रशंसा की। राज्यपाल ने कहा कि 'एक जनपद एक उत्पाद' के तहत प्रत्येक जनपद के विशिष्ट उत्पाद को राज्य सरकार प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे इस उद्योग में लगी महिलाओं की सुरक्षा के लिये भी उचित उपाय करें।

राज्यपाल ने कहा कि यह समय सामाजिक बदलाव लाने का है। हमें समाज में फैली विभिन्न कुरीतियों को समाप्त करने के लिये प्रयास करना चाहिए। इस कार्य में युवा वर्ग अपना विशिष्ट योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि बाल विवाह को रोकना हर व्यक्ति का कर्तव्य है। प्रदेश सरकार सामूहिक विवाह आयोजन को प्राथमिकता से प्रत्येक जिलों में आयोजित कर रही हैं। हम सभी का दायित्व है कि हम ऐसे आयोजनों में बढ़–चढ़कर भाग लें।

श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं तथा हस्त शिल्पियों से संवाद के दौरान कहा कि बच्चों के कुपोषण को दूर करने के लिए महिलाएं सशक्त पहल करें, जिससे आने वाली पीढ़ी शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहे और पूरे परिवार एवं समाज का विकास हो सके। राज्यपाल ने किसान आन्दोलन पर चर्चा करते हुए कहा कि नये कृषि कानून कृषि एवं किसान हित में हैं। इससे किसानों को आगे बढ़ने, नये प्रयोग करने और अपनी जमीन का अधिकतम सदुपयोग करने का मौका मिलेगा। ये किसानों के लिये बहुत अच्छा अवसर है। राज्यपाल ने कहा कि इसको समझने के लिये महिलाओं को भी खेती के तरीके में समन्वय स्थापित कर एक–दूसरे से संवाद कर अपने कृषि कार्य में कृषि तकनीकी को बढ़ावा देना चाहिए।

राज्यपाल ने आयुष्मान योजना के तहत मिलने वाली धनराशि 5 लाख रूपये के बारे में भी उपस्थित जनसमुदाय को विस्तृत जानकारी दी और सभी से आयुष्मान कार्ड बनवाने के साथ ही इसका लाभ उठाने के लिए कहा। इस अवसर पर राज्यपाल ने ताला नगरी स्टेट स्पाइडर लॉक्स कम्पनी में एक डाक्यूमेट्री देखी, जिसके माध्यम से उन्होंने देश तथा विदेश में हो रहे व्यवसाय के बारे में जाना।

इस अवसर पर राज्यपाल ने स्पाइडर लॉक्स परिसर में मौलश्री का पौधा रोपित किया तथा फैक्ट्री में गाय एवं बछड़ों को गुड व चारा भी खिलाया।

कार्यक्रम में राज्यमंत्री श्री संदीप सिंह, सांसद श्री सतीश गौतम, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी तथा विभिन्न सहायता समूह के प्रतिनिधि उपस्थिति थे।

———–

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (122/19)

माननीय राज्यपाल उत्तर प्रदेश
श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी
के प्रथम बार अलीगढ़ आगमन पर
के.के. इण्टर नेशनल परिवार
हार्दिक अभिनन्दन करता है।

महामहिम राज्यपाल महोदया
श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा स्पाइडर लॉक्स
परिसर में वृक्षारोपण, 13 जनवरी 2021

माननीय राज्यपाल उत्तर प्रदेश
श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी
के प्रथम बार अलीगढ़ आगमन पर
के.के. इण्टर नेशनल परिवार
हार्दिक अभिनन्दन करता है।